राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)
RAJA SHANKAR SHAH UNIVERSITY CHHINDWARA (M.P.)
P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara Email-registrarchhiuni@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्र.11826/उपुक्रनिविदा/भण्डार/2023–24 छिंदवाड़ा दिनांक09/05/2023

# //उत्तपुस्तिका क्रय निविदा वर्ष 2023–24//

विषय :– स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की विभिन्न परीक्षाओं हेतु उत्तपुस्तिका क्रय किये जाने के संबंध में ई–निविदा आमंत्रण सूचना/विज्ञप्ति।

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा उत्तर पुस्तिका क्रय/मुद्रण हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी फर्म/अभिकरण से ऑनलाईन निविदाएं (Two Bid Tender System परिशिष्ठ अ एवं ब) तकनिकी बीड एवं वित्तीय बीड आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण/शर्ते www.mptender.gov.in पर उपलब्ध है तथा यह राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, की वेबसाइट www.cuc.ac.in पर भी देखा जा सकता है।

निविदाकर्ता निम्नलिखित विवरण अनुसार निविदा प्रस्तुत करे :–

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 10/05/2023 |
| ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि | 24/05/2023 |
| ऑनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि | 24/05/2023 |

निविदा (Two Bid Tender System परिशिष्ठ अ–ब) उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष विश्वविद्यालय में गठित समिति द्वारा दिनांक 27/05/2023 को समय दोपहर 12:00 बजे कुलसचिव कार्यालय राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में खोले जावेगे। निविदाकारों से अनुरोध है कि तकनीकि बीड से संबंधित दस्तावेजों को आनलाईन तथा एक प्रति ऑफलाईन सील बंद लिफाफे में भण्डार विभाग, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा को दिनांक 24/05/2023 को 5:00 PM तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये जा सकेगें। डाक वितरण (Postal delays) में किसी भी प्रकार के विंलब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं रहेगा।

**नोटः–** निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा। यह केवल विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.cuc.ac.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

कुलसचिव,
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय,
छिंदवाड़ा

Scanned with OKEN Scanner

## //निविदाकर्ता हेतु आवश्यक अर्हकारी शर्ते//

अ. निविदा प्रपत्र के मूल्य के रूप में राशि 5000/– (पांच हजार रूपयें मात्र) www.mptender.gov.in पर जमा करना होगा।

ब. निविदा का अनुमानित मूल्य 2 करोड़ होगा। (सुरक्षा राशि EMD न्यूनतम 3 प्रतिशत अर्थात 6,00,000/– (छः लाख रूपये मात्र)) एमपी टेण्डर में ऑनलाईन जमा कर उसकी एक प्रति राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में जमा करना होगा।

- निविदा में ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी में क्रमानुसार, निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. फर्म का इण्डियन बैक एसोसिएशन में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीकृत होना आवश्यक है।
2. निविदाकार को निविदा में भाग लेने हेतु स्वयं की फर्म का पंजीकृत (GST NUMBER), आयकर विभाग का स्थायी खाता क्र. (PAN) की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. विगत तीन वर्षो (2019–20, 2020–2021 एंव 2021–22) का आयकर रिर्टन संलग्न, बैलेंस शीट (सीए द्वारा आडिटेड) संलग्न करना अनिवार्य है।
4. फर्म का पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं स्थायी पते के लिये कृपया संपत्तिकर/टेलीफोन बिल/गुमास्ता लायसेंस/नगर निगम लायसेंस बिल/विद्युत बिल इसमें से कोई भी एक प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. किसी शासकीय, अर्धशासकीय अथवा शासन के किसी उपक्रम में निविदत्त कार्य के समान कार्य का 2 करोड़ रूपये कार्य का सिंगल आर्डर (कार्यादेश) कम से कम एक वर्ष के अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र एवं 30 लाख उत्तरपुस्तिका किसी एक वर्ष में प्रदाय करने का कार्य संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
6. किसी भी शासकीय एवं अर्द्वशासकीय संस्था में ब्लेकलिस्टेड न होने तथा सुरक्षा राशि जप्त न होने का प्रमाण पत्र।
7. पिछले 3 वित्तीय वर्षो में से किन्ही एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर 4 करोड़ होने का प्रमाण पत्र (CA द्वारा प्रमाणित)
8. उत्तर पुस्तिका मुद्रण के उपयोग में लाए जाने वाले पेपर नमूने पर पेपर निर्माता मिल का नाम, पेपर का जी.एस.एम. निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा। पेपर सेम्पल सहीं न पाये जाने पर निविदा निरस्त करने का अंतिम अधिकार कुलसचिव का होगा।
9. निविदाकारकर्ता को ISO 9001:2015 के प्रमाण पत्र की प्रमाणिक छाया प्रति संलग्न करनी होगी।
10. तकनीकि निविदा में सफल निविदाकार/फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

Scanned with OKEN Scanner

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में निम्नांकित विवरण अनुसार उत्तर पुस्तिका का मुद्रण करवाया जाना है। जिसका तकनीकि विवरण एवं शर्ते निम्नानुसार हैः–

| क्र. | उत्तरपुस्तिका | मात्रा | पृष्ठ संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य उत्तर पुस्तिका | 06 लाख | 1. 36 पृष्ठ (18 लीफ) कवर प्रथम पृष्ठ मुदित, परीक्षार्थी के लिये निर्देश मुल्यांकन के लिए टेबल एवं परीक्षार्थी संबंधित जानकारी भरने के लिए मुद्रण एवं रंग हल्का गुलाबी होगा। | 1. आकार 29X22.5 से.मी.<br>2. पृष्ठों पर पृष्ठ संख्या उपर अंकित होगी।<br>3. प्रत्येक उत्तरपुस्तिका के कवर पेज पर रोल नंबर विषय, प्रश्न–पत्र मीडियम, परीक्षार्थि निर्देश, मूल्याकंन टेबल इत्यादि का मुद्रण होगा।<br>4. मार्जिन–प्रत्येक पृष्ठ के बायी ओर 2.3 से.मी. एवं उपरी भाग में 3.5 से.मी. रहेगी।<br>5. उत्तर पुस्तिका के मार्जिन में बायी ओर 2.00 से.मी.X1.5 से.मी. बॉक्स होगा।<br>6. अन्दर के पृष्ठ 60 जी.एस.एम. पेपर मिनिमम 85% ब्राइटनेस। (''ए'' ग्रेड पेपर मिलों का प्रयुक्त किया जाना है।)<br>7. पंक्तियों में 01 सेंटीमीटर दूर होगी एवं हल्के काले रंग में होगी।<br>8. बाईडिंग –साईड थ्रेड सिलाई।<br>9. उत्तरपुस्तिका में बायी ओर उपर मोनो मुद्रित होगा।<br>10. मुख्य उत्तरपुस्तिका में बायी ओर उपर एक होल पंच होगा।<br>11. पैकिंग – 500–500 की मात्रा पैक कर बॉक्स के उपर सीरियल नंबर (प्रथम एवं अंतिम) अंकित कर प्लास्टिक डोरी से बांधकर मोटे ब्राउन पेपर पर पैकिंग स्लिप लगाया जाना है। कवर पृष्ठ के रंग अनुसार होगी।<br>12. उत्तर पुस्तिकाओं की सप्लाई निविदाकर्ता को राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में करनी होगी |
| 2. | मुख्य उत्तर पुस्तिका | 14 लाख | 1. 24 पृष्ठ (12 लीफ) कवर प्रथम पृष्ठ मुदित, परीक्षार्थी के लिये निर्देश मुल्यांकन के लिए टेबल एवं परीक्षार्थी संबंधित जानकारी भरने के लिए मुद्रण एवं रंग हल्का हरा होगा। | |
| 3. | पूरक उत्तर पुस्तिका | 07 लाख | 1. पूरक उत्तर पुस्तिका 8 (4 लीफ) पेज में आधे भाग पर परीक्षार्थी संबंधी जानकारी का अंकन एवं आधे पृष्ठ से लेखन कार्य के लिए रहेगा। | |
| 4. | प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका | 03 लाख | 1. प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका 12 (6 लीफ) पेज पर परीक्षार्थी संबंधी जानकारी का अंकन तथा शेष 11 पृष्ठ लेखन कार्य के लिए रहेगा। | |

Scanned with OKEN Scanner

नोट :–

- उपरोक्त क्रमांक 01 से 04 तक की सामग्री की दरों के योग के न्यूनतम दर प्रदायकर्ता को सफल निविदाकार (एल–1) घोषित किया जायेगा।
- सफल निविदाकार को सुरक्षा मानकों के संबंध में मुद्रण के समय जानकारी व अंतिम निर्णय कुलसचिव का होगा।

## //सामान्य शर्तें//

11. सफल निविदाकार की फर्म की उत्पादन क्षमता आकलन हेतु उनके परिसर का निरीक्षण किया जायेगा।
12. प्रदाय की गयी सामग्री के लेब टेस्ट उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।
13. उपरोक्त विवरण की सामग्री के मुद्रण एवं प्रदाय हेतु पंजीकृत प्रिंटिग फर्मो से निविदा के अंतर्गत पेपर सहित मुद्रण बंधन, परिवहन एवं अन्य कार्य की दरें दर्शाते समय यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाये की सभी करों का समावेश कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त जो भी कर समान्यतः देय होते है, उनका स्पष्ट उल्लेख किया जाकर निविदा प्रपत्र में राशि का दर्शाना आवश्यक है। दर्शायी गई दरें राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में मुद्रित सामग्री पहुंचाने तक समस्त व्यय को सम्मिलित कर दिया जावे।
14. निविदाओं में न्यूनतम दर होना ही पर्याप्त नहीं है निविदा क्रय समिति की अनुशंसा, निविदा की दर एवं मुद्रण की गुणवत्ता के आधार पर भी क्रय की अनुशंसा विश्वविद्यालय प्रशासन कर सकती है।
15. वितिय बीड के अनुसार वांछित सामग्री की दरों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत न्यूनतम दरें 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगी। इस संबंध में सफल निविदाकर्ता एवं विश्वविद्यालय के मध्य अनुबंध किया जावेगा तथा दोनो पक्षों की आपसी सहमति से अनुबंध के एक वर्ष पश्चात् आपसी सहमति के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।
16. उत्तर पुस्तिका के कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह के पश्चात पेपर सहित प्रिंटिग विवरण के प्रूफ का अनुमोदन विश्वविद्यालय से कराकर अनुमोदित सेम्पल अनुसार संपूर्ण सामग्री कार्यादेश प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर अनिवार्यतः विश्वविद्यालय को प्रदाय करनी होगी। उसके पश्चात सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम प्रूफ अनुमोदन जिस दिनांक को किया गया है प्रमाण स्वरूप अनुमोदन किए जाने संबंधी विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र देयक के साथ संलग्न करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

17. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पाई गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाए जाने पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि के रूप में जमा एफ.डी.आर राजसात कर ली जावेगी। गुणवत्ता में कमी प्रतीत होने की स्थिति में लैब परीक्षण NABL अक्रेडेशन लैब से कराया जावेगा, लैब परीक्षण में जो राशि का व्यय होगा उसका वहन मुद्रक द्वारा किया जावेगा।
18. मुद्रक द्वारा मुद्रित सामग्री की आपूर्ति के उपरांत देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, मालप्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण–पत्र के साथ रेण्डम नमूने सहित देयक तीन प्रतियों में विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा। मुद्रक द्वारा प्रस्तुत देयकों पर नियमानुसार करों का कटौत्रा कर भुगतान किया जायेगा।
19. सफल निविदाकार इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के चार कार्य दिवस के अंदर कुल मुद्रण व्यय की तीन प्रतिशत राशि का राष्ट्रीकृत बैंक से छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति राशि या अन्य रूप में जमा कर राशि रूपये 1000 नॉन ज्यूडिशियल/स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। यदि अनुबंध हेतु फर्म का अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित होता है तो अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।
20. मुद्रित सामग्री प्रदाय में विलम्ब की स्थिति में प्रतिदिवस कुल लागत की 0.5% शास्ति अधिरोपित की जावेगी।
21. निविदाकार द्वारा निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा तीन प्रतिशत राशि उनके द्वारा समस्त प्रकार के कर अदायगी की पावती/चालान की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने पर मुक्त की जायेगी।
22. उत्तर पुस्तिका की संख्या में वृद्धि/कमी करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास रहेगा।
23. आवश्यकतानुसार उत्तर पुस्तिका मुद्रित करने हेतु पृथक–पृथक आदेश जारी किये जा सकेगें तथा निविदा की दरों पर ही मुद्रण करना होगा।
24. निविदा के साथ निविदाकर्ता को यह घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक है कि इस निविदा मे दी गई मूल्य दर से कम मूल्य की निविदा मध्यप्रदेश राज्य की किसी भी संस्था या कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई है, तथा किसी भी कार्यालय द्वारा मुझे या मेरी फर्म को ब्लेकलिस्ट नहीं किया गया है।
25. मुद्रित उत्तर पुस्तिका मुद्रण में विश्वविद्यालय का एकाधिकार होगा एवं उत्तर पुस्तिका प्रदायकर्ता द्वारा पूर्णतः गोपनीय रखा जावेगा, यदि उक्त का उल्घंन होता है तो प्रदायकर्ता फर्म पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।
26. फर्म के पास स्वयं की मुद्रण व्यवस्था/क्षमता होनी चाहिए। इसका आउटसोर्स अमान्य होगा।

09/05/23

Scanned with OKEN Scanner

27. पेपर सेम्पल तथा क्वालिटी के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा एवं उपरोक्त आधार पर यह आवश्यक नहीं होगा कि न्यूनतम दर वाले की दरे ही मान्य की जावे ।

28. कागज प्रदाय में देरी होने पर पेनाल्टी लगाई जानकारी जो संविदा मूल्य का अधिकतम 5 प्रतिशत होगी।

29. L-1 पाये जाने वाले फर्म का L-1 का स्पॉट वेरिफीकेशन अनुबंध के पूर्व कराया जावेगा।

30. A Grade paper शीट का पेपर होना चाहिए उसकी ब्राईटनेस 85 प्रतिशत होना चाहिए।

31. उत्तपुस्तिकाओं के नमूने का परीक्षण कुलसचिव कार्यालय में कार्यालयीन समय 11.00 बजे से 05.00 बजे के बीच दिनांक 24/05/2023 तक कर सकते है।

32. BOQ में यदि कोई कर वर्तमान में शासन द्वारा प्रचलित हो तो उसे जोडकर दर अंकित करें। केवल जीएसटी विश्वविद्यालय द्वारा अलग से देय होगा।

**<u>नोट :–</u> नियम, तकनीकि एवं वित्तीय शर्तो पर सहमति स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार अपने हस्ताक्षर, रबर सील लगाकर इसे तकनीकि निविदा के साथ संलग्न करें।**

## Key Dates and Time

| | | |
|---|---|---|
| 1. Bid Publishing Date | : | 10/05 /2023 : 5.00 PM |
| 2. Bid Submission Start date | : | 10/05 /2023 : 5.00 PM |
| 3. Bid Submission End date | : | 24/05 /2023 : 5.00 PM |
| 4. Bid Opening date | : | 27/05 /2023 : 12.00 PM |

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट 'अ'

## / /तकनीकी बीड प्रपत्र/ /

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की विभिन्न परीक्षाओं हेतु उत्तरपुस्तिका क्रय किये जाने के संबंध में अभिकरण निम्न प्रमाण–पत्र अनिवार्यतः संलग्न करे।

| क्रमांक | फर्म / संस्था | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | अभिकरण / फर्म का नाम (पंजीयन पत्र संलग्न करे) | |
| 2 | फर्म / अभिकरण का वैद्य पता (गुमास्ता / वैद्य स्थापना प्रमाण / फैक्ट्री रजिस्ट्रेशन पत्र संलग्न करें) | |
| 3 | संचालक / मालिक का नाम, दूरभाष नं. तथा ईमेल आईडी | |
| 4 | संस्था का पेन नं. तथा जीएसटी नं. (साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें।) | |
| 5 | जमा धरोहर राशि (रू6,00,000/–) का विवरण सहित एक प्रति संलग्न करे। | |
| 6 | फर्म का इण्डियन बैंक एशोसिएशन में गोपनीय कार्य हेतु जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र | |

निविदाकर्ता फर्म / अभिकरण के विगत तीन वित्तीय वर्षों में आयकर विवरण –

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | रूपये (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019–20 | | |
| 2 | 2020–21 | | |
| 3 | 2021–22 | | |

Scanned with OKEN Scanner

## //घोषण पत्र//

प्रमाणित किया जाता है कि ई–निविदा नियम/शर्ते ठीक से पढ़ने एवं समझने के पश्चात् ही निविदा में दी गई सूचनाऍ एवं उसके साथ लगायें गये दस्तावेज मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य हैं। इसमें किसी भी त्रुटि/लापरवाही/गलत/भ्रामक जानकारी/जानकारी छिपाने, जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने अथवा सम्बंधित दस्तावेजों के ई–निविदा में संलग्न न करने पर निविदा अमान्य अथवा निरस्त की जाती है तो इसके लिये मैं/फर्म/अभिकरण /संस्था जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही मेरे हमारे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

तिथि :

निविदाकर्ता/अधिकृत व्यक्ति के स्थान :
हस्ताक्षर
नाम :
फर्म की मोहर :

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट 'ब'

## //वित्तीय बीड प्रपत्र//

| क्रमांक | उत्तरपुस्तिका का प्रकार | मूल्य (जीएसटी छोड़कर) | सकल मूल्य (जीएसटी छोड़कर) |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य उत्तरपुस्तिका 06 लाख (36 पृष्ठ) | प्रति उत्तर पुस्तिका | 06 लाख उत्तरपुस्तिका अनुसार |
| 2 | मुख्य उत्तरपुस्तिका 14 लाख (24 पृष्ठ) | प्रति उत्तर पुस्तिका | 14 लाख उत्तरपुस्तिका अनुसार |
| 3 | पूरक उत्तरपुस्तिका 07 लाख (08 पृष्ठ) | प्रति उत्तर पुस्तिका | 07 लाख उत्तरपुस्तिका अनुसार |
| 4 | प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका 03 लाख (12 पृष्ठ) | प्रति उत्तर पुस्तिका | 03 लाख उत्तरपुस्तिका अनुसार |
| 5 | योग कुल उत्तरपुस्तिका 30 लाख | समस्त प्रकार की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्य (योग) | 30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का कुल मूल्य |

नोट– समस्त प्रकार की उत्तर पुस्तिका का न्यूनतम मूल्य जिस निविदाकर्ता की होगी, उसी को कार्यादेश प्रदान किया जावेगा किन्तु अन्य शर्तो का पूरा होना अनिवार्य होगा। समस्त शर्तो, मानक में कमी आदि के अभाव में अन्य निविदकर्ता को भी कार्यादेश प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन स्वतंत्र होगा।

Scanned with OKEN Scanner